स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

02746

जून, 2015

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए ।

1. संप्रेषण के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए । *10*

अथवा

आख्यानपरक लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसे स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं का विवेचन कीजिए ।

2. जीवनी की संरचना और उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *10*

अथवा

'निराला की साहित्य-साधना' के प्रतिपाद्य का विश्लेषण कीजिए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

3. सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए । 5

अथवा

रचना-कौशल के प्रमुख पक्षों का विवेचन कीजिए ।

4. औपचारिक और अनौपचारिक पत्रों के अन्तर को स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

यात्रा-वृत्तान्त और रिपोर्ताज के साम्य और वैषम्य का विवेचन कीजिए ।

5. तार्किक लेखन की विशेषताएँ बताते हुए उसमें उदाहरणों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । 5

अथवा

पत्र-विधा के महत्त्व और वैशिष्ट्य का वर्णन कीजिए ।

खण्ड ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग एक वाक्य में दीजिए : *5×1=5*

(क) संप्रेषण के किसी एक प्रयोजन का नामोल्लेख कीजिए ।

(ख) जीवनी और आत्मकथा में कोई एक अंतर बताइए ।

(ग) क्या वैयक्तिक लेखन में कल्पना का प्रयोग किया जा सकता है ?

(घ) रूढ़ अर्थों वाली भाषा क्या सर्जनात्मक लेखन के लिए उपयुक्त है ?

(ङ) समाचार-लेखन के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : *10×1=10*

(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का जन्म-स्थान है

(अ) इलाहाबाद

(ब) महिषादल

(स) गढ़कोला

(द) कोलकाता

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता डायरी पर लागू ***नहीं*** होती ?

(अ) अपने अनुभवों के बारे में लिखना

(ब) प्रकाशन के लिए नहीं लिखना

(स) कल्पना के सहारे लिखना

(द) आत्मावलोकन करना

(ग) सफल संप्रेषण के लिए

(अ) संदेश सुनने वाले को स्पष्ट होना चाहिए ।

(ब) वक्ता की भाषा भिन्न होनी चाहिए ।

(स) वक्ता की उपस्थिति आवश्यक नहीं है ।

(द) श्रोता का होना आवश्यक नहीं है ।

(घ) निराला के प्रिय कवि थे

(अ) तुलसीदास

(ब) बिहारी

(स) जयशंकर प्रसाद

(द) सुमित्रानन्दन पन्त

(ङ) जैसे शरीर में रक्त प्रवाहित होता है वैसे ही संस्मरण में

(अ) औपचारिकता

(ब) अंतरंगता

(स) अविश्वसनीयता

(द) उपर्युक्त तीनों

(च) कार्यवृत्त का तात्पर्य है

(अ) बैठक के विभिन्न मुद्दे

(ब) कार्यवाही का मुद्दों के अनुसार विवरण

(स) बैठक में प्रस्तुत सचिव का प्रतिवेदन

(द) कार्यसूची का विवरण

(छ) 'पथ के साथी' रचना है

(अ) फणीश्वरनाथ रेणु की

(ब) प्रेमचन्द की

(स) कमलेश्वर की

(द) महादेवी वर्मा की

(ज) पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुक्तिबोध की रचना की विधा है

(अ) संस्मरण

(ब) डायरी

(स) पत्र

(द) यात्रा-वृत्तान्त

(झ) पिता को लिखा गया पत्र होता है

(अ) औपचारिक

(ब) अनौपचारिक

(स) सरकारी

(द) अर्धसरकारी

(ञ) पाठ्यक्रम में सम्मिलित राहुल सांकृत्यायन की रचना में वर्णन है

(अ) श्री लंका का

(ब) रूस का

(स) ब्रिटेन का

(द) तिब्बत का